विद्या मन्दिर देवरिया के छात्र का हुआ एम.बी.बी.एस. में चयन

देवरिया।। विद्या भारती पूर्वी उ0 प्र0 द्वारा संचालित विद्यालय सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मन्दिर देवरिया खास देवरिया के पूर्व छात्र भैया **कृतिक जायसवाल** का चयन सत्र 2024.25 में **के.जी.एम.सी. लखनऊ में एम.बी.बी.एस. कोर्स** में हुआ है। इसकी खबर मिलते ही विद्यालय में हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्व सिंह ने भैया को विद्यालय बुलाकर माला पहनाकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। भैया से प्राप्त सूचना के अनुसार भैया कृतिक जायसवाल अपने पिता स्व0 डा0 राम प्रवेश जायसवाल निवासी भलुअनी देवरिया की दुसरी सन्तान है। इनके बड़े भाई कार्तिकेय जायसवाल (पूर्व छात्र विद्या मन्दिर देवरिया) का इसी वर्ष हिन्दुतान पेट्रोलियम में ग्रेड ए अधिकारी रैक पर चयन हुआ है। भैया कृतिक जायसवाल विद्या मन्दिर देवरिया में सत्र 2016 में विद्यालय में कक्षा नवम में प्रवेश लिया था अपनी बुद्दि व मेधा का परिचय देते हुये इन्होने प्रत्येक वर्ष/कक्षा में अच्छे रैंक से उत्तीर्ण होकर और 10वीं में 93.4 प्रतिशत एवं 12वीं में 95.2 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण होकर विद्यालय को मान बढाया था। इनके के.जी.एम.सी. लखनऊ में एम.बी.बी.एस. कोर्स में चयन पर पूरे विद्यालय परिवार ने बधाई दी। भैया कृतिक जायसवाल ने अपनी सफलता का श्रेय माता श्रीमती सीमा जायसवाल बड़े भाई कार्तिक जायसवाल एंव बहन काजल जायसवाल, रविप्रकाश जायसवाल, आशुतोष पाण्डेय (गौरव) तथा अपने गुरुजनों को दिया है ।

प्रधानाचार्य